**वित्त मंत्रालय**

**लोक उद्यम विभाग**

**मंत्रिमंडल के लिए मई, 2023 माह हेतु डीपीई की मासिक उपलब्धियां**

**1. कैपेक्स लक्ष्य:**

मई, 2023 माह तक के चुनिंदा सीपीएसईज़ (100 करोड़ रूपये और उससे अधिक के वार्षिक कैपेक्स लक्ष्य के साथ) और अन्य सरकारी संगठनों से संबंधित जानकारी दिनांक 05 जून, 2023 को प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रस्तुत की गई थी। दिनांक 31.05.2023 तक 7.33 लाख करोड़ रुपये (बजट अनुमान) के अनुमानित व्यय की तुलना में, उपलब्धि 1.43 लाख करोड़ रुपये (लगभग) अर्थात लगभग 19.49% है।

**2. सीपीएसईज़ का संचालन:**

i. शीर्ष समिति की सिफारिश और माननीय मंत्री के अनुमोदन के आधार पर, आरवीएनएल को दिनांक 01/05/2023 को नवरत्न का दर्जा प्रदान किया गया।

ii. निम्नलिखित पर विचार करने के लिए अंतर-मंत्रालयी समिति की बैठक दिनांक 4 मई, 2023 को आयोजित की गई थी:

   क. ऑयल इंडिया लिमिटेड को महारत्न का दर्जा देने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का प्रस्ताव;

   ख. राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड को नवरत्न का दर्जा देने के लिए उर्वरक विभाग का प्रस्ताव।

iii. लोक उद्यम चयन बोर्ड के परामर्श से राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम को अनुसूची 'ग' से अनुसूची 'ख' में स्तरोन्नत किया गया।

iv. डीपीई द्वारा पीईएसबी के परामर्श से नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) का अनुसूची 'ख' से अनुसूची 'क' में पुन श्रेणीकरण करने के प्रस्ताव पर विचार किया गया और इसे मंत्रिमंडल सचिव के अनुमोदनार्थ मंत्रिमंडल सचिवालय को भेज दिया गया है।

v. डीपीई द्वारा पीईएसबी के परामर्श से बीईएल ऑप्ट्रोनिक डिवाइसेज लिमिटेड (बीईएलओपी) को अनुसूची 'घ' सीपीएसई के रूप में प्रारंभिक श्रेणीकरण करने और प्रबंध निदेशक के पद के सृजन के प्रस्ताव पर विचार किया गया और इसे मंत्रिमंडल सचिव के अनुमोदनार्थ के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय को भेजा गया है।

vi. वर्ष 2021-22 के लिए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसईज़) के शीर्ष प्रबंधन पदाधिकारियों की वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) लिखने के लिए निर्धारित समय सीमा बढ़ा दी गई है।

**3. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर):**

i. वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान शीर्ष 30 सीएसआर खर्च करने वाले सीपीएसईज़ ने 3709.61 करोड़ रुपये (अनंतिम) का सीएसआर व्यय किया।

ii. भारतीय कॉरपोरेट कार्य संस्थान के महानिदेशक के दिनांक 20 अप्रैल, 2023 के पत्र की एक प्रति सभी सीपीएसईज़ को सीएसआर क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करने के लिए सभी सीपीएसईज़ को परिचालित की गई थी।

**4. सीपीएसईज़ का समझौता ज्ञापन मूल्यांकन:**

वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए 79 सीपीएसईज़ के संबंध में समझौता ज्ञापनों का मसौदा जारी किया गया है।

**5. अंतर-मंत्रालयी बैठकें और सीसीईए/मंत्रिमंडल नोट्स:**

मई, 2023 के दौरान अंतर-मंत्रालयी समूह (आईएमजी)/विनिवेश के लिए सचिवों के कोर समूह (सीजीडी) की 05 बैठकें आयोजित की गईं।

**6. राष्ट्रीय भूमि मुद्रीकरण निगम (एनएलएमसी):**

राष्ट्रीय भूमि मुद्रीकरण निगम लिमिटेड (एनएलएमसी) के बोर्ड में अध्यक्ष (गैर-कार्यकारी) और सीईओ के पदों के लिए आवेदन मांगने के लिए खोज-सह-चयन समिति (एससीएससी) द्वारा अनुमोदित विज्ञापन दिनांक 19.06.2023 की नियत तिथि के साथ प्रकाशित किए गए हैं।

**7. सीपीएसईज़ द्वारा जीईएम और एमएसएमई के माध्यम से खरीद:**

i. एकेएएम 2023-24 के हिस्से के रूप में, डीपीई ने सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के सहयोग से और सार्वजनिक उद्यमों के स्थायी सम्मेलन (स्कोप) के समर्थन से दिनांक 31 मई, 2023 को नई दिल्ली में 'जीईएम के माध्यम से सीपीएसईज़ द्वारा खरीद' पर एक परस्पर संवादात्मक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में जीईएम द्वारा शुरू की गई नई सुविधाओं और कार्यक्षमताओं, सीपीएसईज़ से आवश्यक समर्थन और सीपीएसईज़ की खरीद योजनाओं पर सत्र थे। उत्पादों, सेवाओं और भुगतान और अनुबंध के बाद प्रबंधन पर जीईएम की तीन टीमों ने जीईएम के माध्यम से खरीद के संबंध में सीपीएसईज़ द्वारा सामना किए जा रहे मुद्दों के समाधान के लिए समूह-वार सत्र आयोजित किए। कार्यशाला में 106 सीपीएसईज़ के 308 अधिकारियों ने भाग लिया।

ii. जीईएम द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, मई, 2023 के दौरान जीईएम के माध्यम से सीपीएसईज़ द्वारा खरीद 10,123 करोड़ रुपये थी और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए संचयी 16,393 करोड़ रुपये है।

iii. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा किए गए अनुरोध के अनुसार, सभी सीपीएसईज़ से अनुरोध किया गया था कि वे विशेष रूप से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई के लिए केंद्रित विक्रेता विकास कार्यक्रम आयोजित करें और एमएसई की सहायता करें।

iv. एमएसएमई-संबंध पोर्टल में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, दिनांक 31 मई, 2023 तक एमएसई से सीपीएसईज़ द्वारा सूचित खरीद अनिवार्य 25% की तुलना में 40% है।

v. व्यय विभाग के निम्नलिखित अनुदेश सूचना और अनुपालन के लिए सीपीएसईज़ को परिचालित किए गए थे:

क) सामान्य वित्तीय नियम, 2017 के नियम 144 (xi) के तहत प्रतिबंध के संबंध में व्यय विभाग के आदेशों में निहित प्रावधानों से सौर पीवी मॉड्यूल की सोर्सिंग के लिए छूट।

ख) सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए सार्वजनिक खरीद नीति आदेश, 2012 और सार्वजनिक खरीद (मेक इन इंडिया को प्राथमिकता) आदेश, 2017 का समवर्ती अनुप्रयोग।

**8. मिशन भर्ती:**

सीपीएसईज़ में 'मिशन भर्ती' के कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने के लिए, डीपीई ने दिनांक 9 मई, 2023 और 12 मई, 2023 को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा बुलाई गई बैठकों में भाग लिया, दिनांक 16 मई, 2023 को डीओपीटी द्वारा रोजगार मेले की 5वीं श्रृंखला आयोजित की गई, जिसमें सीपीएसईज़ की 2906 नई नियुक्तियों को शामिल किया गया। अब तक रोजगार मेले की 5 श्रृंखला में सीपीएसईज़ की 21299 नई नियुक्तियों को शामिल किया गया है।

**9. एएमआरसीडी मामलों की स्थिति**:

एएमआरसीडी वेब पोर्टल को कार्यात्मक बनाया गया। सभी एएमआरसीडी मामलों की जांच की गई, और डुप्लिकेट और अयोग्य प्रविष्टियों को हटा दिया गया। अद्यतन स्थिति के अनुसार, पोर्टल पर 103 मामले रिपोर्ट/पंजीकृत

किए गए हैं। इनमें से 23 मामलों का निपटारा कर दिया गया है और 66 मामले निर्णय के लिए सचिवों की समितियों के पास हैं। शेष 14 मामले संवीक्षा और अनुमोदन के लिए संबंधित वित्तीय सलाहकारों के पास हैं।

*****